दिनांक : 31.03.2026 समय : 07.10

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के साणंद में सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया।
- वाराणसी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में दोनों राज्यों के बीच पर्यटन और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए समझौते हुए।
- केंद्र सरकार ने पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत प्रदेश के ग्रामीण विकास के लिए 945 करोड़ रुपये का फंड जारी किया है।
- खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक है।

प्रधानमंत्री- गुजरात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महावीर जयंती के अवसर पर गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकंडक्टर के ओएसएटी संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संयंत्र में होने वाला उत्पादन सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि साणंद स्थित इस संयंत्र में निर्मित चिप्स अमरीका तक पहुंचेंगे। इस संयंत्र के उद्घाटन से भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग को नई गति मिलने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केन्स के उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा पहले ही बुक हो चुका है।

श्री मोदी ने प्रौद्योगिकी के इस दशक को भारत का दशक बताया।इससे पहले प्रधानमंत्री ने गांधीनगर के कोबा में सम्राट संप्रति संग्रहालय का उद्घाटन किया। यह संग्रहालय जैन इतिहास, सम्राट संप्रति के जीवन, उनके शासन और अहिंसा के संदेश को समर्पित है। श्री मोदी ने कहा कि कोबा तीर्थ स्थली आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत है।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि नालंदा का पुनुरूद्धार केवल बिहार या भारत की उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह पूरे विश्व के लिए बौद्धिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत का प्रतीक है। राष्ट्रपति नालंदा विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं।राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी  में आज उत्तरप्रदेश के  वाराणसी में आयोजित 'एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026' में दोनों राज्यों के बीच कई महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के मध्य औद्योगिक सहयोग, पर्यटन विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए बड़े निर्णय लिए गए हैं।इसमें काशी विश्वनाथ धाम और बाबा महाकाल मंदिर से संबंधित संस्थाओं के मध्य आपसी सहयोग तथा 'एक जिला-एक उत्पाद' को वैश्विक बाजार से जोड़ने के समझौते शामिल हैं।

श्री यादव  ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' और दो हजार मेगावाट की संयुक्त सोलर परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र का भाग्य बदलने जा रहा है। साथ ही, प्रदेश में हॉस्पिटल, होटल और कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए विशेष अनुदान भी दिया जा रहा है।

वित्त आयोग

केंद्र सरकार ने ग्रामीण स्थानीय निकायों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत मध्यप्रदेश सहित आठ राज्यों को दो हजार चार सौ इकसठ करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है। इसमें प्रदेश को सबसे बड़ा हिस्सा प्राप्त हुआ है।प्रदेश के ग्रामीण विकास के लिए केंद्र ने नौ सौ पैंतालीस करोड़ रुपये से अधिक के अनुदान स्वीकृत किए हैं।

सिंधिया-गडकरी-मुलाक़ात

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाक़ात कर प्रदेश और विशेष रूप से ग्वालियर-चंबल संभाग में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने क्षेत्र के विकास के लिए कई बड़ी सड़क परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि एनएचएआई द्वारा ग्वालियर-भिंड-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही बहुप्रतीक्षित ग्वालियर-आगरा एक्सप्रेस-वे के कार्य को गति देने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुरैना से नागपुर तक प्रस्तावित 'मध्य भारत विकास पथ' एक्सप्रेस-वे को ग्वालियर-चंबल के प्रमुख शहरों से जोड़ने पर भी सैद्धांतिक सहमति बनी है।

युवा विधायक सम्मेलन

विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आज भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने 'राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-6' के अंतर्गत आयोजित इस समागम में युवा विधायकों का आह्वान किया कि वे 'विकसित भारत @2047' की परिकल्पना को साकार करने के लिए देश के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करें।

एलपीजी, पेट्रोल, डीजल

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि मध्यप्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल और सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और इनकी सतत आपूर्ति जारी है। घरेलू एवं कमर्शियल गैस सिलेंडरों के वितरण में किसी भी प्रकार का अवरोध नहीं है और उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी बॉटलिंग प्लांट्स अतिरिक्त समय तक कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही, आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश में एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है।

सचिवों की नियुक्ति

सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नए सचिवों की नियुक्ति की। बिहार काडर के 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा -आई ए एस अधिकारी चंचल कुमार को सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मौजूदा सचिव संजय जाजू को पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया गया है। भुवनेश कुमार को पर्यटन सचिव और श्रीवत्स कृष्णा को अल्पसंख्यक मामलों का सचिव नियुक्त किया गया है। रोहित कंसल को ग्रामीण विकास विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है।

टिकट कैंसिलेशन

भारतीय रेलवे द्वारा कल एक अप्रैल से रिजर्वेशन और टिकट कैंसिलेशन के नियमों को और अधिक सख्त किया जा रहा है। नए नियमों के मुताबिक, अब ट्रेन के निर्धारित समय से आठ घंटे के भीतर टिकट रद्द कराने पर यात्रियों को कोई रिफंड नहीं मिलेगा। इससे पहले यह समय सीमा चार घंटे निर्धारित थी।इसके अलावा, ट्रेन छूटने से आठ से चौबीस घंटे पहले टिकट कैंसिल कराने पर केवल पचास प्रतिशत राशि ही वापस मिल सकेगी।

मौसम

प्रदेश में मौसम ने करवट ली। मौसम विभाग के अनुसार साइक्लोनिक सर्कुलेशन के सक्रिय होने के कारण आगामी 3 अप्रैल तक प्रदेश भर में ऐसे ही हालात बने रह सकते हैं। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के लिए ग्वालियर, चंबल और बुंदेलखंड संभाग सहित प्रदेश के सोलह जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवाओं और हल्की वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की संभावना जताई गई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- आईपीएल क्रिकेट-2026 के चौथे मुकाबले में आज मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।
- बैतूल कलेक्टर ने आज आयोजित जनसुनवाई में कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया।
- अनूपपुर जिले में घरेलू रसोई गैस के अवैध व्यावसायिक उपयोग की रोकथाम हेतु राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न होटल एवं मिष्ठान भंडारों का औचक निरीक्षण fd;k ।
- खंडवा- जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत जल संचयन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- गुना जिले में आगजनी की घटनाओं के नियंत्रण एवं निरागनी रखने हेतु जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है ।
- नीमच जिले में संभावित पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने जिले के जल स्त्रोतो से जल उपयोग एवं नल कूप खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

------------------------------